**Series P/PB2/1**

**SET 1**

**CLASS X PRE-BOARD EXAMINATION – 2024-25**

**Q.P. Code: 085/2/1**

**Roll No.** | | | | | | | | |

**Candidate must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.**

- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Please check that this question paper contains **16** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# हिन्दी (ब)

# HINDI (B)

निर्धारित समय: 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 80

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश:***

***निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए:***

- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं क ,ख,ग और घ
- खण्ड क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए है ,जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए |
- खण्ड ख में व्यवहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए है ,आतंरिक विकल्प भी दिए गए है |
- खण्ड ग पाठ्य पुस्तक पर आधारित है ,निर्देशानुसार उत्तर दीजिए |
- खण्ड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है ,आतंरिक विकल्प भी दिए गए है |
- इस प्रश्न पत्र में कुल16 प्रश्न है | सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है|
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश :लिखिए |

# खंड- 'क' (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)

हमारा पर्यावरण हमारा रक्षा कवच है। यह हमें प्रकृति से विरासत में मिला है। यह हम सबका पालनकर्ता और जीवनाधार है। वस्तुतः पर्यावरण-रक्षण भारतीय संस्कृति से जुड़ा है, पेड़-पौधे और जानवर हमारे मित्र हैं।

बड़े-बड़े बाग-बगीचों और पार्कों को 'शहर का फेफड़ा' कहा जाता है। हमारी संस्कृति में पेड़ लगाना पुण्य का कार्य माना जाता है। पीपल, बरगद, आम, नीम, जामुन, आँवला जैसे उपयोगी वृक्षों के रोपण को महान धार्मिक कृत्य माना गया है। ये कार्य प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति हमारी आस्था प्रकट करते हैं। इन कार्यों से हममें अच्छे संस्कार आते हैं। शिक्षा का सही लाभ तभी होगा, जब हम अच्छे संस्कारों को बनाए रखें पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए सबसे अधिक आवश्यकता इस बात की है कि प्रदूषक कार्यों को रोका जाए। सरकारी स्तर पर इस दिशा में अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त पर्यावरण-प्रदूषण को रोकने में हम स्वयं भी सहयोग दे सकते हैं। इस समस्या पर अगर हम आज मंथन नहीं करेंगे, तो प्रकृति संतुलन स्थापित करने के लिए स्वयं कोई भयंकर कदम उठाएगी और हम मनुष्यों को भयंकर परिणाम भुगतना होगा। पर्यावरण रक्षण के लिए हमें अत्यधिक पेड़ लगाने होंगे, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करने से बचना होगा। प्लास्टिक का उपयोग बंद करना होगा। कूड़े-कचड़े का निपटारा उचित स्थान और उचित ढंग से करना होगा। वर्षा के जल का संचय एवं भूमिगत जल को संरक्षित करने का प्रयास करना होगा। ऐसी तकनीकों का विकास करना होगा, जिससे यातायात के साधनों द्वारा प्रदूषण न फैले। हम मनुष्यों को पृथ्वी तथा पर्यावरण-रक्षण के निस्वार्थ भाव से कार्य करने होंगे।

(i) हमें प्रकृति से विरासत में मिला है- (1)

(क) संस्कृति (ख) कला (ग) खनिज भंडार (घ) पर्यावरण

(ii) गद्यांश के अनुसार शिक्षा का सही उद्देश्य है- (1)

(क) अच्छे संस्कारों को बनाए रखना ( ख) बुद्धिमान नागरिक बनना

( ग) अर्थोपार्जन करना (घ) वृक्षारोपण करना

III निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए।(1)

कथन : पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या है ।

निष्कर्ष : पर्यावरण रक्षण के लिए हम सबको निस्वार्थ भाव से कार्य करना चाहिए ।

(क) कथन सही है लेकिन निष्कर्ष गलत है (ख )कथन और निष्कर्ष दोनों सही है

(ग )कथन गलत है और निष्कर्ष सही है (घ )कथन और निष्कर्ष दोनां गलत हैं

IV पर्यावरण रक्षण के लिए हमें कौन कौन से प्रचार करने चाहिए ? (2)

V गद्यांश हमें क्या सन्देश देता है ? (2)

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)

एक दिन राजा मुंज के दरबार में एक ज्योतिषी आए। उन्होंने राजा मुंज को उनके भूत-भविष्य के बारे में करें बातें बताई, जो राजा को ठीक लगीं। उन्होंने ज्योतिषी से कहा कि वे भोज के भविष्य के बारे में भी बताएँ। ज्योतिषी ने कहा, "यह बड़ा ही यशस्वी राजा बनेगा और दीर्घकाल तक राज्य करेगा।" यह सुनते ही राजा मुंज चिंता में पड़ गए, क्योंकि जब तक मुंज को शासन से नहीं हटाया जाएगा, तब तक भोज दीर्घकाल तक राज्य नहीं कर सकता। वे सोचने लगे कि क्या वह सिंहासन के लिए मुझे मार डालेगा। उन्होंने निर्णय कर डाला कि कैसे भी हो भोज को मरवाना ही होगा, नहीं तो मेरे लिए खतरा है। उन्होंने सेवक वत्सराज से कहा, "इस बच्चे को जंगल में ले जाओ और मार डालो।" मुझे उसका कटा हुआ सिर लाकर दिखाओ।" वत्सराज पहले तो एक निर्दोष बालक के वध के लिए तैयार नहीं हुआ, पर बाद में मान गया । जंगल में

भोज ने वत्सराज से पूछा, “तुम मुझे यहाँ क्यों लाए हो?” वत्सराज ने उसे सच्ची बात बता दी। भोज ने कहा, “राजा ने जो कहा है, वही करो। मैं मरने के लिए तैयार हूँ। मैं एक पत्र लिख रहा हूँ, उसे चाचा जी को दे देना।” उसने ताड़पत्र पर कुछ लिखा और उसे वत्सराज को दे दिया, फिर कहा-“मेरा सिर काट लो।” लेकिन वत्सराज भोज को मारने के लिए तैयार नहीं हुआ। उसने भोज को भुवनेश्वरी के मंदिर में छिपा दिया, फिर उसने मोम से एक बालक का सिर बनाया। उसे बकरी के खून से भरी थाली में रखकर राजा के सामने प्रस्तुत किया। राजा ने उससे पूछा, “क्या मरने से पहले भोज ने कुछ कहा था?” वत्सराज ने कहा, “कुछ कहा नहीं, एक पत्र दिया है।” राजा पत्र खोलकर पढ़ा; उसमें लिखा था, “हे राजन! राम और युधिष्ठिर जैसे महान राजा इस धरती पर पैदा हुए, लेकिन मरते समय भू-देवी उनमें से किसी के साथ नहीं गई। क्या भू-देवी तुम्हारे साथ जाएगी?" पत्र देखते ही- को बड़ी ग्लानि हुई। उन्होंने सोचा, “भोज कितना ज्ञानवान और गुणी लड़का था। इस छोटी उम्र में ही उसमें कितना विवेक था। हाय! मैंने लालच में इतने अच्छे लड़के को मरवा दिया। हाय। कितना बड़ा पाप हो गया।" वे कठोर प्रायश्चित के विषय में सोचने लगे। अंत में राजा मुंज को ज्ञात हो गया कि भोज जीवित है, तो उन्होंने उसे भुवनेश्वरी के मंदिर से बुला लिया। तब उनका दुख दूर हुआ।

(i) 'पत्र पढ़ते ही राजा को बड़ी ग्लानि हुई।' पंक्ति के माध्यम से लेखक क्या प्रेरणा दे रहे हैं? (1)

(क) जल्दीबाजी में काम करने की
( ख) शीघ्र कार्य करने की
( ग) बिना सोचे-समझे कार्य न करने की
(घ) क्रोध में कार्य न करने की

(ii)उपयुक्त गद्यांश के सम्बन्ध में कौन सा कथन असत्य है ? (1)

क भू देवी किसी भी बडे राजा के साथ नहीं जाती
(ख) राजा ने लालच में आकर भोज को मारने का आदेश दिया।
(ग) राजा के सेवक ने भोज को मार दिया।
(घ) भोज ज्ञानवान और गुणी बालक था।

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1)

कथन (A) : सत्य और अहिंसा का पालन करना हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए।
कारण (R) : असत्य और हिंसा के मार्ग का अनुसरण करके व्यक्ति पाप का भागी बनता है।

(क) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(iv) राजा मुंज ने भोज को मरवाने का निर्णय क्यों लिया? (2)
(v) राजा मुं ज को भोज का लिखा पत्र पढ़ने पर ग्लानि क्यों हुई? (2)

# खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण )

3.**पदबंध**' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (1x4=4)

(क) शिवाजी की अद्‌भुत और नए कारनामों से सभी परिचित थे - वाक्य में से **विशेषण पदबंध** चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में **संज्ञा पदबंध** की पहचान कैसे की जा जाती है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) सबकी सहायता करने वाला राम आज उदास क्यों है - वाक्य में **विशेषण पदबंध** का छाँटकर लिखिए।

(घ) मैं खेलते-कूदते दिन बिताता हूँ - वाक्य में **क्रिया विशेषण पदबंध** छाँटकर लिखिए ।

(ङ) **क्रिया पदबंध** का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

4.'**रचना** के आधार पर **वाक्य रूपांतरण**' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (1x4=4)

(क) वह अपराधी था इसलिए उसे सजा मिली- **वाक्य का भेद** लिखिए।

(ख) वह लड़का जो गाँव में गया था बीमार हो गया ।- **संयुक्त वाक्य** में रूपांतरित कीजिए ।

(ग) उदाहरण द्वारा **संयुक्त** एवं **मिश्र वाक्य** में अंतर स्पष्ट कीजिए |

(घ) सुभाष बाबु को पकड लिया गया और लॉकअप में भेज दिया गया - **सरल वाक्य** में बदलिए|

(ङ) धनी व्यक्ति हर चीज खरीद सकता है । कौन सा वाक्य है ?

5. '**समास**' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (1x4=4)

(i) समस्त पद क्या है? एक उदाहरण के द्वारा स्पष्ट कीजिए।

(ii) द्विगु समास में पूर्व पद की भूमिका स्पष्ट कीजिए । उदाहरण लिखिए

(iii) 'पाप-पुण्य' द्वंद्व समास है। कैसे?

(iv) कर्मधारय समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए ।

(v) राजसभा सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

6. '**मुहावरे**' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (1x4=4)

(i) **लोहे के चने चबाना** - मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ii) **लाल पीला होना** और **हक्का बक्का रहना** मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(iii) बिल्ली को देख चूहा …………………… । उचित मुहावरे से वाक्य पूरा कीजिए।

(iv) गिलास टूटने के कारण मालिक ………………. । वाक्य पूरा कीजिए ।

(v) हार मान लेना - इसके लिए उचित मुहावरा लिखिए

# खंड- 'ग'

# (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:- (1×5 = 5)

बाइबिल के सोलोमेन जिन्हें कुरआन में सुलेमान कहा गया है, ईसा से 1025 वर्ष पूर्व एक बादशाह थे। कहा गया है, वह केवल मानव जाति के ही राजा नहीं थे, सारे छोटे-बड़े पशु-पक्षी के भी हाकिम थे। वह इन सबकी भाषा भी जानते थे। एक

दफा सुलेमान अपने लश्कर के साथ एक रास्ते से गुज़र रहे थे। रास्ते में कुछ चींटियों ने घोड़ों की टापों की आवाज़ सुनी तो डर कर एक-दूसरे से कहा, 'आप जल्दी से अपने-अपने बिलों में चलो, फ़ौज आ रही है।' सुलेमान उनकी बातें सुनकर थोड़ी दूर पर रुक गए और चींटियों से बोले, 'घबराओ नहीं, सुलेमान को खुदा ने सबका रखवाला बनाया है। मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ, सबके लिए मुहब्बत हूँ। चींटियों ने उनके लिए ईश्वर से दुआ की और सुलेमान अपनी मंज़िल की ओर बढ़ गए।

(i) सुलेमान को मानव जाति का ही नहीं पशु-पक्षियों का भी हाकिम कहा गया है क्योंकि-

(क) वे विविध भाषाओं को बोलने में माहिर थे ।

(ख) वे पशु-पक्षियों की भाषाओं को समझते थे।

(ग) वे पशु-पक्षियों की अलग-अलग ध्वनियों को नहीं समझते थे।

(घ) वे पशु-पक्षियों की भाषा को सुनकर, समझकर उनके जीवन के दुख-दर्द को दूर करने का प्रयास नहीं करते थे।

(ii) चींटियाँ घोड़ों की टापों की आवाज़ सुनकर क्यों डर गई?

(क) लश्कर ने उन पर हमला कर दिया था।

(ख) नन्हीं चींटियाँ मासूम बच्चों की तरह थीं ।

(ग) उनका जीवन खतरे में है यह जानकर ।

(घ) घोड़ों की टाप युद्ध की विभीषिका का संकेत दे रही थी।

(iii) सुलेमान ने चींटियों की आवाज़ सुनकर अपने लश्कर को कुछ दूरी पर क्यों रोक दिया?

(क) ताकि चींटियाँ घबरा जाएँ ।

(ख) ताकि नन्हीं चींटियाँ घोड़ों की टापों के नीचे कुचली न जाएँ।

(ग) ताकि चींटियाँ बादशाह सुलेमान की निगरानी में अपने-अपने बिलों में प्रवेश कर जाएँ।

(घ) ताकि चींटियों के मन से फ़ौज के हमले का डर निकल न जाए।

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।

कथन (A) : सुलेमान सबके लिए मुहब्बत थे, मुसीबत नहीं

कारण (R) : खुदा ने सुलेमान को सबका रखवाला बनाया था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं ।

(ग) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(v) इस गद्यांश का मूल उद्देश्य किस वाक्य में निहित है?

(क) दूसरों के दुख से दुखी होने वाले सुलेमान से पाठकों को प्रेरित करना।

(ख) पशु-पक्षी और जीव-जंतुओं की अपनी भाषा होती है ।

(ग) सुलेमान ने केवल मानव जाति को सुरक्षा प्रदान करते हुए अपने बादशाह होने का कर्तव्य निभाया।

(घ) चींटियों की दुआओं ने सुलेमान को बाइबिल और कुरआन में भी प्रसिद्ध कर दिया।

8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:- (2x3=6)

(i) खेल में बच्चों की स्वाभाविक रुचि होती है। अगर उन्हें खेलने न जाने दिया जाए तो उनका चेहरा मुरझा जाता है। एक दिन गुल्ली डंडा खेलने के बाद छोटा भाई जब बड़े भाई के सामने पहुँचा तो बड़े भाई साहब की क्या प्रतिक्रिया हुई? इसके बाद छोटे भाई ने कैसा महसूस किया?

(ii) पुलिस कमिश्नर और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर था? सुभाष बाबू के जुलूस ने किसका साथ दिया और क्यों ?

(iii) तताँरा-वामीरो कौन थे? उनकी त्यागमयी मृत्यु से निकोबार की प्राचीन रूढ़ियों में क्या परिवर्तन आया?

(iv) शेख अयाज़ के पिता बोले 'नहीं, यह बात नहीं है। मैंने एक घरवाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर को पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ।' इन पंक्तियों में छिपी हुई उनकी भावना को स्पष्ट कीजिए।

9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :- ( 1× 5 = 5)

गिरि का गौरव गाकर झर-झर
मद में नस-नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों से सुंदर
झरते हैं झाग भरे निर्झर !
गिरिवर के उर से उठ उठ कर
उच्चाकांक्षाओं से तरुवर
हैं झाँक रहे नीरव नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंतापर ।

(i) 'गिरि का गौरव' से तात्पर्य है-

(क) पहाड़ों की उच्चता का गौरव (ख) पहाड़ों के मन में नया जोश

(ग) झरनों की झलकती मस्ती (घ) घाटी का सौन्दर्य

(ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

कथन (A) : पर्वतों से गिरने वाले झरने पर्वतों की उच्चता का यशगान कर रहे हैं।

कारण (R) : वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश में बहुत से मनोहारी परिवर्तन होते हैं।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iii) 'उच्चाकांक्षाओं' से तात्पर्य है-

(क) पहाड़ की इच्छा (ख) विशाल आकार

(ग) चिंता में डूबना (घ) ऊँचे उठने की इच्छा

(iv) इस कविता में किस ऋतु में होने वाले परिवर्तनों के बारे में बताया गया है?

(क) वसंत ऋतु (ख) वर्षा ऋतु

(ग) ग्रीष्म ऋतु (घ) शिशिर ऋतु

(v) उपयुक्त पद्यांश के सम्बन्ध में कौन सा कथन सत्य है ?

(क) पावस ऋतु के प्राकृतिक परिवर्तनों का चित्रण नहीं  किया गया है।

(ख) जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई है।

(ग) झरनों के सौंदर्य का वर्णन नहीं किया गया है।

(घ) पर्वत पर मानवीय भावों का आरोप किया गया है ।

10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर  दीजिए:- (2x3= 6)

(i) 'मनुष्यता' कविता में उदार व्यक्ति की क्या पहचान बताई गई है? स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'आत्मत्राण' कविता का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए ?

(iii) विरासत में मिली चीज़ों की बड़ी सभाल क्यों होती है? '  तोप' कविता के आधार पर  तोप की विशेषताएँ भी लिखिए।

(iv) मीराबाई ने श्रीकृष्ण की रूप माधुरी का वर्णन कैसे किया है?

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (3x2=6)

(क)  मानवीय रिश्तों का सही आधार क्या होता है  '**टोपी शुक्ला**' पाठ के आधार पर उन दोनों के सम्बन्धों के बारे में लिखिए?

(ख) **सपनों के से दिन**' पाठ के लेखक और उसके साथी किस प्रकार गर्मियों की छुट्टियाँ बिताया करते? आप गर्मी की छुट्टियों में क्या करते हैं, लिखिए ।

(ग) **हरिहर काका** के गाँव में यदि मीडिया पहुँच जाती तो  काका की स्थिति क्या होती ? अपने शब्दों में लिखिए।

## खंड घ  (रचनात्मक लेखन)

12. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत- बिन्दुओं के आधार पर  एक **अनुच्छेद** लिखिए:- (5)

(i) **जीवन में खेल कूद का महत्व**

- खेलों से स्वारूप का निर्माण
- मानसिक शांति
- सर्वांगीण विकास

(ii) **पुस्तको का महत्व**

- ज्ञान का भंडार
- छात्रों पर प्रभाव
- हमारी भूमिका

(iii) **समय बहुमूल्य  है**

- समय लौटता नहीं

.योजना के अनुसार काम करना

.अनुशासन से सम्बन्ध

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **पत्र** लिखिए:- (5)

आप राम / उमा है । नव ज्योति दिल्ली के संपादक के नाम पत्र लिखकर बच्चों में बद रही अनुशासन हीनता के बारे में अपना विचार प्रकट कीजिए

अथवा

आप अ/30 चित्रा विहार, कोलकत्ता निवासी बालू/ नीलू हैं । रेल यात्रा में बढ़ती हुई चोरी के बारे में रेलवे पुलिस को एक पत्र लिखिए

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **सूचना** लिखिए- (4)

आप राहुल / रोशनी हैं। आप अपने स्कूल के विद्यार्थी परिषद के सचिव हैं। आपके स्कूल में हिन्दी पखवाडा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस के बारे में छात्रों कोजानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए ।

अथवा

आप सुसन नगर निवासी लाल/ हरिणी हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किसी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक लोगों को इसके बारे में जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए।

15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **विज्ञापन** लिखिए- (3)
आपने कपड़े की एक नई दुकान खोली है। अपनी दुकान के बारे म जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

अथवा

एल . सी एम टेलीविजन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

16 भूख से व्याकुल भालू ने शहद को देखा । वह बहुत खुश हुआ ………………….. एक **लघु कथा** लिखिए। (5)

अथवा

आप गीता / रमेष हैं। आप गंगानगर में रहते हैं। आप अपने पद से त्याग पत्र देना चाहते हैं इसके बारे में एक **ई-मेल** लिखिए।

***********